# भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट (रजि.)

द्वारा संचालित

# भाई कन्हैया आश्रम

# कीप्रगति रिपोर्ट

# (2021—22)

| Sr. No. | Disability | Total |
|---|---|---|
| 1 | Mental Retardation | 54 |

1 सभी दिव्यांगों को सुबह शाम योगा करवाया जाता है।





2 सभी मरीजों के लिए जिम की व्यवस्था है तथा सभी को सुबह शाम जिम करवाई जाती है।





3 पर्यावरण संरक्षण हेतू पौधा रोपण करना, भाई कन्हैया आश्रम व भाई कन्हैया नर्सरी के पौधों की देखभाल करने का परीक्षण दिया जाता है।





4 भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट में इन दिव्यांगों के लिए स्पेशल म्युजिक हाल व सिनेमा की व्यवस्था है। समय समय पर इनका मनोंरजन करवाया जाता है।





दिनांकः— 15.04.2021

आज दिनांक 15.04.2021 को कन्हैया आश्रम में श्री सतगुरू राम सिंह के जीवन पर विखर गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमे मुख्यातिथि के तौर पर  श्री प्रदीप कुमार जी ने षिरकत की।

दिनांकः— 17.04.2021

आज दिनांक 17.04.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम में सिरसा के कोर्ट से एडवोकेट श्री कृष्ण लाम्बा जी द्वारा भाई कन्हैया आश्रम में कोविड जागरूकता केन्द्र लगाया गया। जिसमे बाल गोपाल धाम में कार्यरत कर्मचारियों व बच्चों को कोविड के प्रति जानकारियां दी गई।






दिनांकः— 31.05.2021

आज दिनांक 31.05.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम में लक्की की अचानक मृत्यु हो गई। लक्की की काफी लम्बे समय से तबीयत खराब चल रही थी। उसे हॉस्पीटल में दाखिल करवाया, लेकिन शाम को लगभग 5:20 पर उसने अपनी अंतिम सांस ली।









दिनांकः— 07.06.2021

आज दिनांक 07.06.2021 को कन्हैया आश्रम, द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे रह रहे बच्चों में एक नया लडका जिसका नाम वीर (संस्था द्वारा दिया गया नाम) रखा गया है। यह बच्चा सिरसा में लावारिस हालात में मिला।

दिनांकः— 07.06.2021

आज दिनांक 07.06.2021 को कन्हैया आश्रम, द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम में रह रहे बच्चों मे तीन नई बच्चियां (पायल, पारूल, मोहन उर्फ मोना) को सोनीपत से बाल कल्याण समिति द्वारा भाई कन्हैया आश्रम में छोडा गया।




दिनांकः— 10.06.2021

आज दिनांक 10.06.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे रह रहे बच्चो को कोविड—19 के टीके लगवाए गए। कुल छः बच्चो को निर्देशानुसार कोविड टैस्ट के बाद कोविड वैक्सीनेशन दी गई।



दिनांकः— 07.07.2021

आज दिनांक 07.07.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे रह रहे बच्चो के मानसिक स्वास्थय को देखते हुए सामान्य अस्पताल मे कार्यरत मनोरोग **विशेषज्ञ** डॉ पकंज कुमार ने आश्रम में विजिट किया और आश्रम मे रह रहे जिन–जिन महिलाओं, पुरूषों व बच्चों को काउंसलिंग की आवश्यकता थी। उनकी काउंसलिंग की व उनके स्वास्थय सम्बन्धी जो भी आवश्यकता परामर्श दी गई।





दिनांकः— 08.07.2021

आज दिनांक 08.07.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे श्री मति अनुराधा CJM (सचिव) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आश्रम में दौरा किया। इसके साथ साथ ही उन्होने आश्रम में रह रहे बच्चों, की देखरेख का जायजा लिया।







दिनांकः– 09.07.2021

आज दिनांक 09.07.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा सचांलित बाल गोपाल धाम मे रह रहे बच्चों में एक नया बच्चा जिसका नाम गुरप्रीत है। को बाल कल्याण समिति, सिरसा के **निर्देशानुसार** बाल गोपाल धाम में रखा गया।



दिनांकः– 10.07.2021

आज दिनांक 10.07.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा सचांलित बाल गोपाल धाम मे बच्चो के स्वास्थय को देखते हुए कोविड–19 जांच षिविर लगाया गया। जांच षिविर सामान्य अस्पताल की टीम द्वारा लगाया गया।



दिनांकः— 13.07.2021

आज दिनांक 13.07.2021 को कन्हैया आश्रम, मे सामान्य हस्पताल के मनोरोग **विशेषज्ञ** डॉ पंकज कुमार जी ने टीम के साथ भाई कन्हैया आश्रम मे विजिट किया और भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा सचांलित बाल गोपाल धाम मे **रह रहे बच्चों** की मानसिक स्थिति की जांच की गई।



दिनांकः— 14.07.2021

आज दिनांक 14.07.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम में नई लडकी जिसका नाम मनप्रीत कौर है। को बाल कल्याण समिति के **निर्देशानुसार** बाल गोपाल धाम में छोडा गया।



दिनांकः— 29.07.2021

आज दिनांक 29.07.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम, मे नए बच्चे श्वेता व वर्षा को बाल कल्याण समिति, सिरसा के **निर्देशानुसार** कैथल  से बाल गोपाल धाम में भेजा गया।





दिनांकः— 30.07.2021

आज दिनांक 30.07.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम, मे एक नई बच्ची जिसका नाम मानसी है को बाल कल्याण समिति, सिरसा के **निर्देशानुसार** भाई कन्हैया आश्रम में भेजा गया।




दिनांकः— 11.08.2021

आज दिनांक 11.08.2021 को कन्हैया आश्रम, मे तीज के उपलक्ष्य में आश्रम मे तीज का त्यौहार मनाया गया। जिसमे मुख्यअतिथि के तौर पर श्री मति अनुराधा ;CJM सिरसा व श्री मति रीना सेठी अध्यक्षा, नगर पालिका सिरसा, **विशिष्ट** अतिथि के रूप मे आश्रम में **शिरकत** की। भाई कन्हैया परिवार मे सभी सदस्यों ने नाच—गाने, झूला—झूलना, मेंहदी चूडिया पहना जैसी सभी गतिविधियों का आन्नद लिया।





दिनांकः— 15.08.2021

आज दिनांक 15.08.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे 15 अगस्त, 75वें आजादी दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्यातिथि श्री मति सुमन सेठी प्रधान बेटी बचाओ बेटी पढाओ सिरसा, महिला ग्रुप ने शिरकत की इनके साथ महिला ग्रुप के सभी सदस्य इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



दिनांकः— 23.08.2021

आज दिनांक 23.08.2021 को कन्हैया आश्रम, मे नया सदस्य जिसको ट्रस्ट द्वारा राहूल नाम दिया गया है। बाल कल्याण समिति, सिरसा के **निर्देशानुसार** भाई कन्हैया आश्रम मे छोडा गया है। यह बच्चा मानसिक तौर पर अस्वस्थ है। और अपना नाम पता बताने मे असमर्थ है।

दिनांकः— 17.09.2021

आज दिनांक 17.09.2021 को बाल गोपाल धाम, मे CJM श्री मति अनुराधा जी विजिट पर आई। उन्होने आश्रम मे रह रहे बच्चों के उचित—रख रखाव व इलाज का जायजा लिया





दिनांकः— 03.10.2021

आज दिनांक 03.10.2021 को कन्हैया आश्रम, मे बाल गोपाल धाम मे रह रहे बच्चों को सालासर मन्दिर और टाउन पार्क मे पिकनिक पर लेकर गए। यहां पर बच्चों ने पार्क मे खुब मस्ती की। और सालासर मन्दिर मे पूरे श्रद्वा भाव के साथ माथा टेका।



दिनांकः— 10.10.2021

आज दिनांक 10.10.2021 को बाल गोपाल धाम मे CJM श्रीमति अनुराधा जी विजिट पर आए, उन्होने आश्रम मे रह रहे बच्चों के **स्वास्थ्य** का जायजा लिया और उनके लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने पर विचार किया।

दिनांकः— 13.10.2021

आज दिनांक 13.10.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम, मे बच्चों के साथ गुरूद्वारा गए और साथ ही गांव मे बने मंदिरों मे भी **दर्शन** करने गए। यहां पर बच्चों ने अलग अलग धर्मों की आस्था के अनुसार नमन किया।






दिनांकः— 15.10.2021

आज दिनांक 15.10.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम, मे **दशहरे** के उपलक्ष्य मे शाम के समय रावण जलाकर पर्व को मानाया। जिसमे आश्रम के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

.



दिनांकः— 17.10.2021

आज दिनांक 17.10.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे जन्मे पहले बच्चे पूर्ण सिंह का जन्म दिन मनाया गया। इस बच्चे की मां भाई कन्हैया आश्रम मे 20.06. 2012 को लावारिस हालात मे मिली थी। सीमा उस समय गर्भवती थी। कुछ समय बाद सीमा ने एक बच्चे को दिनांक 17.10.2012 को जन्म दिया जिसका नाम पूर्ण सिंह है।



दिनांकः— 21.10.2021

आज दिनांक 21.10.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे रह रहे बच्चों का मोरीवाला गांव मे मेले पर लेकर जाया गया। जिसमे बच्चों ने मेले की रोनक का भरपूर आन्नद उठाया। और मेले मे लगे झुलों का आन्नद लिया।





दिनांकः— 21.10.2021

आज दिनांक 21.10.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे एक नया बच्चा जिसका नाम रामेश्वर है को बाल कल्याण समिति के **निर्देशानुसार** भाई कन्हैया आश्रम मे रखा गया।




दिनांकः— 21.10.2021

आज दिनांक 21.10.2021 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे एक नया बच्चा जिसका नाम जीवन ज्योत है। एक बच्ची जिसका नाम दिया है। को बाल कल्याण समिति के **निर्देशानुसार** भाई कन्हैया आश्रम मे रखा गया।



दिनांकः— 01.01.2022

आज दिनांक 01.01.2022 को भाई कन्हैया आश्रम द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे नववर्ष के उपलक्ष मे पूर्व सांसद श्री अशोक तंवर विजिट पर आए। उन्होने बाल गोपाल धाम मे रह रहे बच्चों मे फलों की सेवा दी और अपना कुछ समय बच्चों के साथ बिताया।





दिनांकः— 01.01.2022

आज दिनांक 01.01.2022 को भाई कन्हैया आश्रम द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे नववर्ष के उपलक्ष मे एक समारोह रखा गया। जिसमें श्री ब्रज लाल जी (मैनपावर डिंग) उपस्थिति हुए व उनके द्वारा आश्रम में रह रहे बच्चों को लंगर भी करवाया गया।





दिनांकः— 02.01.2022

आज दिनांक 02.01.2022 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट का 17वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमे ट्रस्ट के सभी सेवादार उपस्थित हुए। और आश्रम में सभी सेवादारों से मिले व सेवादारों द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना भी की।







दिनांकः— 06.01.2022

आज दिनांक 06.01.2022 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे श्री अश्वनी मिडडा जी द्वारा अपनी माता व मिता जी की याद मे सुखमणी साहिब जी का पाठ करवाया गया।





दिनांकः— 13.01.2022

आज दिनांक 13.01.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे लोहडी का त्योहार मनाया गया। इस मोके पर गांव दडबी के सरपंच व गांव रसुलपूर के सदपंच उपस्थित हुए।





दिनांकः— 14.01.2022

आज दिनांक 14.01.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे मकर संक्राति के उपलक्ष पर श्रीमती सूनीता दुग्गल जी उपस्थित हुए।








दिनांकः— 22.01.2022

आज दिनांक 22.01.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे दीपक महाजन जिसकी उम्र लगभग 16—17 साल है। बाल कल्याण समीति के निर्देशानुसार बाल गोपाल धाम, मोरीवाला में देख—रेख व उचित रख—रखाव के लिए लाया गया।




दिनांकः— 26.01.2022

आज दिनांक 26.01.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे गणतंत्र दिवस बडे ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें श्री जसबीर सिंह कुण्डू (न्यायालय न्यायधीश) उपस्थित हुए व उन्होने बाल गोपाल धाम में दिए जाने वाली सेवाओं का निरीक्षण भी किया।






दिनांकः— 26.01.2022

आज दिनांक 26.01.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे मनीष जिसकी उम्र लगभग 17 साल है। बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार लाया गया।



दिनांकः– 16.02.2022

आज दिनांक 16.02.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे श्री घनश्याम शर्मा व श्री अजय शर्मा जी द्वारा पंथ रतन ज्ञानी संत सिंह मस्कीन जी की याद में बाल गोपाल धाम मे अंखड पाठ रखवाया गया। जिसमें बाल गोपाल धाम के सभी बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसका भोग 18.02.2022 को सुबह 10 बजे डाला गया। रागियों के शबद गायन के बाद सभी ने लंगर का प्रसाद लिया।








दिनांकः— 23.01.2022

आज दिनांक 23.02.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे श्री लक्ष्मी महेश्वरी जी (रंगोली पोर्टफोलियो) के चैयरमेन द्वारा भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट को एक नई ऐंबुलेंस भेंट की गई। इस उपलक्ष मे एक सम्मान समारोह भी रखा गया। जिसमें उपायुक्त महोदय श्री अजय सिंह तौमर जी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। समारोह की समाप्ति के बाद उपायुक्त महोदय श्री अजय सिंह तौमर जी ने ऐम्बुलेस को हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया।






दिनांकः— 23.01.2022

आज दिनांक 23.02.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे श्री लक्ष्मी महेश्वरी जी (रंगोली पोर्टफोलियो) के चैयरमेन द्वारा भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित भाई कन्हैया पब्लिक स्कूल की नीवं रखी गई। इस उपलक्ष मे एक सम्मान समारोह भी रखा गया। जिसमें उपायुक्त महोदय श्री अजय सिंह तौमर जी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।



दिनांकः— 25.02.2022

आज दिनांक 25.02.2022 को कन्हैया आश्रम में रह रही एक बच्ची पूनम जोकि बोलने व सुनने में असमर्थ है कि शादी की पहली रस्म जोल व बान बिठाने की रसम निभाई गई। जिसमे बाल गोपाल धाम के सभी बच्चों ने बढ–चढ कर हिस्सा लिया।









दिनांकः— 26.02.2022

आज दिनांक 26.02.2022 को कन्हैया आश्रम में रह रही एक महिला सदस्य पूनम का देहांत हो गया। पूनम की उम्र लगभग 35 वर्ष थी। पूनम शारीरिक रूप से लकवा ग्रस्त थी। दिनांक 19.01.2022 को पूनम के भाई द्वारा उसे सेवा संभाल के लिए आश्रम में छोडा गया था। पूनम के माता पिता की पेहले ही मृत्यु हो चुकि थी। जिसके चलते भाई उसकी सेवा सम्भाल करने मे असमर्थ था।



दिनांकः– 26.02.2022

आज दिनांक 26.02.2022 को कन्हैया आश्रम मे एक बच्ची जिसका नाम पूनम है कि शादी रखी हुई है कि मेंहदी की रस्म निभाई गयी। जिसमे बाल गोपाल धाम के सभी बच्चों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। इसके उपरांत लेडिज संगीत हुआ। बाल गोपाल धाम के सभी सदस्य खूब नाचे।



दिनांकः– 27.02.2022

आज दिनांक 01.01.2022 को कन्हैया आश्रम मे एक बच्ची पूनम की शादी की सभी रस्मे निभाते हुए। आज दिनांक 27.02.2022 को बच्ची की शादी पूर्ण रीति रिवाज के साथ की गई। बाल गोपाल धाम के सभी सदस्यों ने इसमे भाग लिया व सभी ने बिटिया पूनम को अपना आशीर्वाद दिया।









दिनांकः— 18.03.2022

आज दिनांक 18.03.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे रह रहे सदस्यों मे होली के पावन अवसर पर मिलकर सभी ने होली खेली और एक दुसरे को रंग लगाया । इस त्यौहार मे बाल गोपाल धाम के सभी बच्चों के साथ भाई कन्हैया आश्रम के सेवादार सरदार गुरविन्द्र सिंह के साथ संजीव जैन मेघनाथ शर्मा व हरदेवा धन्जल सपरिवार उपस्थित हुए व कन्हैया परिवार के साथ होली महोत्सव का पर्व मनाया।





दिनांकः— 18.03.2022

आज दिनांक 18.03.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे होलीमहोत्सव पर सामाजिक संस्था Virtuous क्लब इडियां के कला कुज के कलाकारों ने बाल गोपाल धाम के बच्चों के साथ होली मनाई व अपनी संगीतमय कार्यक्रम होली उत्सव मे कला को रंग बिखेरे। जिसमे कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी। श्रोताओं ने कला का भरपूर आन्नद उठाया।






दिनांकः— 21.03.2022

आज दिनांक 21.03.2022 को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे एक नए लडके को बाल कल्याण समिति, सिरसा के निर्देशानुसार बाल गोपाल धाम मे छोडा गया। जिसका नाम एकमजोत सिंह है। जोकि गांव चोरमार का रहने वाला है। और मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर है।




दिनांकः— 23.03.2022

आज दिनांक 23.03.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे शहीद—ए आजम भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव सिंह के शहीदी दिवस पर K.L. Theater द्वारा आश्रम मे नाटक भगत सिंह की प्रस्तुति देकर शहीदों को श्रद्वांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्रब्क के विद्यार्थियों व आस पास के गांवो से भी लोग इस नाटक के दर्शक बने।









दिनांकः— 23.03.2022

आज दिनांक 23.03.2022 को को भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल गोपाल धाम मे भगत सिंह के शहीदी दिवस के अवसर पर JCD की छात्राओं ने बाल गोपाल धाम मे विजिट किया और फलो की सेवा दी इसके साथ—साथ वे सभी छात्राएं आश्रम मे आयोजित भगत सिंह नाटक का हिस्सा बने।



दिनांकः— 23.03.2022

आज दिनांक 23.03.2022 को कन्हैया आश्रम, मे एक नई महिला सदस्य जोकि अपना नाम पता बताने मे असमर्थ है। को रानियां सरकारी हस्पताल से आश्रम मे छोडा गया। महिला रानियां मे ही कुछ व्यक्तियों को सडक पर लावारिस मिली थी। उसकी तबीयत काफी खराब थी। जिस के चलते उसे रानियां सरकारी हस्पताल मे दाखिल करवाया, गया तबीयत मे सुधार होते ही आश्रम मे छोडा गया। महिला पूर्ण रूप से मंदबुद्धि है। उम्र लगभग 60 साल है।



दिनांकः– 23.03.2022

आज दिनांक 23.03.2022 को कन्हैया आश्रम, मे रह रहे पूरूष सदस्य मे जय भगवान नाम का नया पूरूष सदस्य शामिल हुआ है। जोकि अपना घर का पता बताने मे असमर्थ  लग रहा है। यह व्यक्ति भाई कन्हैया आश्रम के सेवादारों को सिरसा शहर की सडकों पर लावारिस घूमते हुए मिला था।




दिनांकः– 29.03.2022

आज दिनांक 29.03.2022 को कन्हैया आश्रम, मे नया पूरूष सदस्य जोकि अपना नाम नही बता पा रहा। यह व्यक्ति रती गांव (मानसा) मे नहर के पूल के नीचे लावारिस हालात मे पडा मिला था। जिसे नेकी फाउडेंशन के सदस्य ने क्क्त लेकर भाई कन्हैया आश्रम मे उचित रखरखाव के लिए छोडा गया।

